दैनिक भास्कर
अजमेर 29-12-2022

सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

अजमेर| सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को पैरेंट्स टीचर मीटिंग व कक्षा प्रथम से आठवीं तक के छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। विद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की सूचना देने के लिए पीटीएम का आयोजन किया गया। साथ ही वर्ष भर में बच्चों

द्वारा बनाए गए विज्ञान के मॉडल्स का प्रदर्शन किया गया। प्रधानाचार्य जीके मिश्रा ने बताया कि बच्चों ने विभिन्न विषयों को वर्किंग मॉडल्स के द्वारा प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने एडवांस सिक्योरिटी सिस्टम ,वेक्यूम क्लीनर, अंधे लोगों के लिए विशेष चश्मा, जो उन्हें सुरक्षित रख सकेगा, हाइड्रोलिक क्रेन पृथ्वी बचाओ, प्रदूषण, सोलर सिस्टम, हाइड्रॉलिक लिफ्ट, हार्ट में किस प्रकार से ब्लड सर्कुलेट होता है उसे स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया गया।

सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते पेरेन्टस।

कासं/अजमेर। सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल में पेरेंट्स टीचर मीटिंग व कक्षा प्रथम से आठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विज्ञान के मॉडल्स का प्रदर्शन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य जीके मिश्रा जी ने बताया कि बच्चों ने विभिन्न विषयों को वर्किंग मॉडल्स के जरिए प्रस्तुत किया। विज्ञान को सहज रूप से सिखाने का यह एक सशक्त माध्यम होता है। जिससे सीखने की प्रक्रिया तीव्र गति से होती है। इसी को ध्यान में रखकर वर्ष भर में विज्ञान के विभिन्न विषयों से संबंधित मॉडल्स स्कूल की कंपोजिट साइंस लैब में बच्चों से बनवाए गए। इस मौके पर अभिभावक बच्चों का कार्य देखकर अभिभूत हो गए। इधर, विद्यार्थी के विषय में चर्चा करने तथा आने वाले समय में स्कूल में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की सूचना देने के लिए पीटीएम का आयोजन किया गया।

ये मॉडल्स बनाए

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने एडवांस सिक्योरिटी सिस्टम, वैक्यूम क्लीनर, दृष्टिबाधित लोगों के लिए विशेष चश्मा, हाइड्रोलिक क्रेन, पृथ्वी बचाओ, प्रदूषण, सोलर सिस्टम, हाइड्रॉलिक लिफ्ट, हार्ट में किस प्रकार से ब्लड सरकुलेशन होता है, उसे मॉडल के जरिए दिखाया गया। थर्मोइलेक्ट्रिक रेफ्रिजरेटर भी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा।